(i) **Printed Pages : 4** **Roll No. ..............................**

(ii) **Questions : 8**

**Sub. Code : 0 0 0 7**

**Exam. Code : 0 0 0 1**

**B.A./B.Sc. (General) 1st Semester**

**(2122)**

# HINDI

**Paper : (Elective)**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

I. (क) किसी **एक** अवतरण की सप्रसंग व्याख्या करें :—

(i) सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपगार।
लोचन अनंत उघाड़िया, अनंत दिखावण हार।।

(ii) हरि सा हीरा छांड़िकै, कटै आन की आस।
ते नर जमपुर जाहिंगे, सत भाषै रैदास।। 8

(ख) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दें। शब्द-सीमा **200** शब्दों तक हो :—

(i) सूरदास का कवि परिचय लिखें।

(ii) गुरु नानकदेव की वाणी के उद्देश्य स्पष्ट करें। 8

II. (क) किन्ही **दो** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें :—

(i) 'हे भगवान्! तब के लिए ! विपद् के लिए इतना आयोजन परम पिता की इच्छा के विरुद्ध इतना साहस ? पिता जी ! क्या भीख न मिलेगी ? क्या कोई हिन्दू भू-पृष्ठ पर न बचा रह जायेगा, जो ब्राह्मण को दो मुट्ठी अन्न दे सके ?''

(ii) "वह अश्वारोही अवाक् खड़ा था। बुढ़िया के प्राण-पक्षी अनन्त में उड़ गये।"

(iii) "और चाहे जो कीजिएगा, उसे कटवाइएगा नहीं, इतनी आपसे प्रार्थना है।

(iv) "ऐसा मालूम होने से बकरा उसी ओर देखता रहता है और मिमियाना बन्द कर देता है। उसे आदमी का सहारा हो जाता है। सहारे की आशा मनुष्य और पशु दोनों को होती है।"

2×5=10

(ख) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दें। शब्द सीमा **200** शब्दों तक हो :—

(i) ममता का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ii) सभ्य-अभ्य कहानी के उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 6

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें। शब्द सीमा **50** शब्दों तक हो :—

(i) 'मौत के मुँह में' कहानी का उद्देश्य क्या है ?

(ii) लेखक ने ' मौत के मुँह में' शीर्षक क्यों रखा है ?

(iii) लेखक के अनुसार न्यायमंत्री का क्या कर्त्तव्य होता है ?

(iv) कबीरदास ने सतगुरु की महिमा का क्यों गान किया है ?

(v) गुरुनानकदेव ने मुगलों का विरोध किस कारण से किया है ?

(vi) 'बाल-लीला' का उद्देश्य क्या है ? 3×3=9

IV. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दें। शब्द सीमा **200** शब्दों तक हो :— 7

(i) आदिकाल के नामकरण की समस्या पर विचार करें।

(ii) 'पृथ्वीराज रासो' का परिचय दें।

V. किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें :—

(i) कबीरदास का आविर्भाव (जन्म) कब हुआ था ?

(ii) कबीरदास का पालन-पोषण किन्होंने किया था ?

(iii) कबीरदास के गुरु कौन थे ?

(iv) ममता क्या चाहती है ?

(v) ममता ने अपने पिता की बात का विरोध क्यों किया ?

(vi) लेखक के अनुसार अशिक्षित का हृदय पवित्र क्यों है ?

(vii) अशिक्षित की हार्दिक इच्छा क्या है ?

(viii) 'मौत के मुँह में' कहानी के रचयिता कौन हैं ?

(ix) 'न्यायमंत्री' कहानी का संदेश क्या है ?

(x) न्यायमंत्री क्या चाहते हैं ?

(xi) रामचंद्र शुक्ल ने आदिकाल का क्या नामकरण किया है ?

(xii) रामचंद्र शुक्ल ने आदिकाल की काल-सीमा कब से कब तक मानी है ?

(xiii) 'बीसलदेव रासो' के कवि कौन हैं ?

(xiv) 'बीसलदेव रासो' किस काल खंड का काव्य है ?

(xv) हसना कौन है ? 1×10=10

VI. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दें। शब्द-सीमा **200** शब्दों तक हो :—

(i) कहानी का वर्गीकरण करें।

(ii) कहानी की परिभाषा लिखें। 7

VII. (क) किन्हीं **पाँच** शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखें :—

रात, आकाश, अमीर, दु:ख, स्वर्ग, मान, ऊँच।

(ख) किन्हीं **पाँच** शब्दों के समानार्थक शब्द लिखें :—

पक्षी, पृथ्वी, नर, फूल, मित्र, पत्र, कमल।

(ग) किन्हीं **पाँच** शब्दों को शुद्ध करें :—

पृस्ठ, विगरह, संधी, बैल्ल, विधालय, अतीथि, आपत्ती।

(घ) किन्हीं **पाँच** वाक्यों के लिए **एक-एक** शब्द लिखें :—

भविष्य में होने वाला, गिरा हुआ, ज़िसके हृदय में ममता नहीं है, जो कहा न जा सके, जो बहुत जानता है, बीता हुआ, नहीं मरने वाला। 5+5+5+5=20

VIII. किन्हीं **पाँच** शब्दों के रूपांतरण लिखें :—

By hand, Block, Cancel, Attendance, Advice, Entry, Duty. 5